कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002

Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,

Website- https://vyapam.cgstate.gov.in

क्रमांक/व्यापम/2024/239   रायपुर, दिनांक 01-02-24

सूचना

संचालनालय मछली पालन विभाग, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर के अंतर्गत मत्स्य निरीक्षक भर्ती परीक्षा (FFI24) के सम्बंध में

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा संचालक, संचालनालय मछली पालन विभाग, छत्तीसगढ़, इन्द्रावती भवन, चतुर्थ तल (बी–ब्लॉक), नवा रायपुर, अटल नगर, (छ.ग.) का पत्र क्र./3255/म./स्था./2023–24/दिनांक 21.09.2023, पत्र क्र./1033/म./स्था./2023–24 दिनांक 22.09.2023, पत्र क्र./1111/म./स्था./2023–24 /दिनांक 06.10.2023 एवं पृ. पत्र क्र./109/म./स्था./2023–24/दिनांक 24.01.2024 द्वारा प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर मत्स्य निरीक्षक के रिक्त पदों पर भर्ती परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन देने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थी व्यापम के पोर्टल में निम्नानुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे –

1. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि – 01.02.2024 (गुरुवार)
2. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि – 22.02.2024 (गुरुवार) रात्रि 11:59 बजे तक
3. त्रुटि सुधार – 23.02.2024 से 25.02.2024 तक
4. परीक्षा केन्द्र : – रायपुर

उपरोक्त भर्ती परीक्षाओं हेतु परीक्षा शुल्क के सम्बंध में राज्य शासन से प्राप्त पत्र सचिव, छ.ग. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, द्वारा परीक्षा शुल्क माफ किये जाने के सम्बंध में जारी पत्र क्रमांक एफ 10–2 /2022/एक(1), दिनांक 08 अप्रैल 2022 के अनुसार छ.ग. राज्य के स्थानीय निवासी प्रतिभागियों से किसी भी प्रकार की परीक्षा शुल्क नहीं लिया जावेगा ।

इस सम्बंध में विस्तृत जानकारी व्यापम की वेबसाइट vyapam.cgstate.gov.in पर उपलब्ध रहेगी । परीक्षा तिथि एवं परीक्षा का समय व्यापम की वेबसाइट पर बाद में घोषित की जायेगी ।

संयुक्त नियंत्रक
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर

पृ.क्र./व्यापम/2024 240   रायपुर, दिनांक 01-02-24

प्रतिलिपि–1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसायटी, (चिप्स) स्टेट डाटा सेंटर, सिविल लाईन, रायपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ प्रेषित । कृपया उक्त भर्ती परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन दिनांक 01-02-2024 से व्यापम की वेबसाइट vyapam.cgstate.gov.in पर प्रदर्शित करने हेतु सम्बंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें ।

2. संचालक, संचालनालय मछली पालन विभाग, छत्तीसगढ़, इन्द्रावती भवन, चतुर्थ तल (बी–ब्लॉक), नवा रायपुर, अटल नगर, (छ.ग.) को सूचनार्थ सादर प्रेषित ।

3. प्रधान संपादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र– कृपया उक्त सूचना को परीक्षार्थियों के हित में अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में एवं प्रदेश से मुद्रित होने वाले सभी संस्करणों में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें ।

संयुक्त नियंत्रक
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर